



# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-258 ▶ मुंबई, बुधवार, 16 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4


सरकारी अभियान का हिस्सा तमन्ना
पेज 11








नेशनल हेराल्ड केस : ईडी का एक्शन

# चार्जशीट में सोनिया-राहुल के नाम

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र दायर किया है। जांच एजेंसी की ओर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। ईडी ने दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है। आरोप पत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं।

### चार्जशीट पर 25 को सुनवाई

ईडी की ओर से दाखिल आरोप पत्र पर राउज एवेन्यू कोर्ट में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी। ईडी की ओर से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 44 और 45 के तहत धन शोधन के अपराध के लिए अभियोजन शिकायत दर्ज की गई है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़ी संपत्तियों पर कब्जा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

### यंग इंडिया पर ईडी की कार्रवाई

- यह पहली बार है, जब कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ किसी मामले में चार्जशीट दाखिल की गई है। बता दें कि ईडी ने साल 2014 में दिल्ली के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश पर एजेएल और यंग इंडिया के खिलाफ पीएमएलए के तहत जांच शुरू की थी। ईडी ने एजेएल यानी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडिया की अभी तक करीब 751.9 करोड़ रुपए कीमत की प्रॉपर्टी जब्त की है।

### नेशनल हेराल्ड मामला

नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, इसे एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड यानी एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता था। साल 2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरुआत हुई। इसके बाद 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) नाम की कंपनी बनीं, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 38-38% हिस्सेदारी है। इस मामले में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में आरोप लगाया कि वाईआईएल ने एजेएल की 2000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को मात्र 50 लाख रुपए में हासिल कर लिया और यह धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है।

### कांग्रेस की आई प्रतिक्रिया

ईडी की चार्जशीट को कांग्रेस ने बदले की कार्रवाई बताया है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना रूल ऑफ लॉ का मुखौटा पहने राज्य की ओर से एक क्राइम है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की ओर से बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है। कांग्रेस और उसका नेतृत्व चुप नहीं रहेगा। सत्यमेव जयते।

हरियाणा जमीन विवाद

## रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की पूछताछ



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कारोबारी और वायनाड से कांग्रेस प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। हालांकि वाड्रा ने एजेंसी के समन को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मैं न ही किसी दबाव में आने वाला हूं और न ही किसी से डरने वाला हूं।



महाराष्ट्र कैबिनेट का फैसला


# लाभार्थियों को मिलेंगे सिर्फ 500 रुपए

- लाड़ली बहन योजना का बिगड़ा बजट

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जिन महिला किसानों को 'नमो किसान सम्मान निधि' का लाभ मिल रहा है, उन्हें लाड़ली बहन योजना में सिर्फ 500 रुपए ही मिलेंगे। नमो किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों को राज्य सरकार से छह हजार और केंद्र सरकार से छह हजार रुपए सालाना मिलते हैं। लाड़ली बहन योजना में 18 हजार रुपए मिलते हैं। इसलिए किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहीं लाड़ली बहनों को सिर्फ अंतर के तौर पर बाकी छह हजार सालाना और हर महीने के हिसाब से 500 सौ रुपए मिलेंगे। लाड़ली बहन योजना के लाभार्थियों के लिए शर्त है कि सरकार की अन्य योजना का लाभ मिल रहा होगा तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

## पुलिस हिरासत में मौत पर सरकार देगी मुआवजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया कि अगर महाराष्ट्र पुलिस की हिरासत में किसी आरोपी की मौत होती है तो गिरफ्तार आरोपी के परिवार को महाराष्ट्र सरकार मुआवजा देगी। जल्द ही महाराष्ट्र सरकार इस संदर्भ में मुआवजे की रकम का ड्राफ्ट तैयार करेगी। महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले से पुलिस हिरासत में मरने वाले कैदियों के परिजनों को बड़ी राहत मिलने वाली है। पिछले साल 15 दिसंबर को महाराष्ट्र के सोमनाथ सूर्यवंशी (35) की एक सरकारी अस्पताल में न्यायिक हिरासत के दौरान मौत हो गई थी। सोमनाथ सूर्यवंशी को कांच के बक्से में रखी संविधान की प्रति को नुकसान पहुंचाने के लिए हिरासत में लिया गया था। हालांकि पुलिस ने इस घटना पर कहा था कि सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत बीमारी की वजह से हुई थी।




# खाचरियावास के घर ईडी का छापा

- जयपुर में चल रहा सर्च ऑपरेशन
- ईडी से नहीं डरता : खाचरियावास

**जयपुर।** आय से अधिक संपत्ति केस में राजस्थान में कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के घर मंगलवार को ईडी का सुबह से सर्च ऑपरेशन जारी है। जयपुर में अपने घर के बाहर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए खाचरियावास ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह ईडी से नहीं डरते। मैं नहीं डरुंगा, भ्रष्टाचार करने वाले डरें। भाजपा सरकार को ईडी का इस्तेमाल करके राजनीति नहीं करनी चाहिए। जांच एजेंसी की एक टीम पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत के भतीजे प्रताप सिंह खाचरियावास के पैतृक घर पहुंची और तलाशी ली। जानकारी के मुताबिक प्रतापसिंह खाचरियावास इस मकान में अपने बड़े भाई करणसिंह के साथ रहते हैं। ईडी रेड की



जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता के समर्थक और कार्यकर्ता उनके घर के बाहर इकट्ठा हो गए। पूर्व मंत्री के समर्थक केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

फलोदी में मां-बाप की क्रूरता

# तीन बच्चों का काटा गला, मौत

**फलोदी/जोधपुर।** फलोदी में मां-बाप ने तीन बच्चों को पहले जहर दिया, फिर गला रेतकर हत्या कर दी। नाबालिगों की मौत के बाद पति-पत्नी ने खुद भी जहर खा लिया। घटना कालू पाबूजी की सोमवार देर रात की है। हत्या की जानकारी मंगलवार सुबह 8.30 बजे मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी पति-पत्नी बेहोश मिले। घर का आंगन खून से सना हुआ था। जांच में घर से जहर की खाली बोतल, ब्लेड और चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि बच्चों की हत्या से पहले आरोपी शिवलाल और उसकी पत्नी जतनो देवी के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों ने पूरी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी मां-बाप ने बेटे हरीश (9) और बेटियों किरण (5) और नत्थू (3) को जहर देने के बाद उनका गला दबाया।

### पति-पत्नी ने खुद भी खाया जहर



पति-पत्नी ने मिलकर पहले तीनों की हाथ की नसें भी काट डालीं। आरोपियों ने बच्चों का चाकू से गला काट दिया। बच्चों की मौत हो जाने के बाद पति-पत्नी ने अपने हाथ की नसें भी काट लीं।

शिवलाल के भाई की पत्नी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह उसे घर के बाहर खून नजर आया। वह अंदर गई तो आंगन खून से भरा था। वह चिल्लाते हुए बाहर भागी और आस-पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी। आरोपी शिवलाल उत्तराखंड में रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी में ड्राइवर है। शिवलाल के पिता दीनाराम (45) ने बताया कि शिवलाल तीन साल पहले तक पुश्तैनी मकान में मेरे साथ ही रहता था। बाद में वह अलग हो गया। सरकार की तरफ से बनाए गए टीन शेड में रहने लगा था। आज सुबह शिवलाल की मानसिक रूप से बीमार मां सड़क की तरफ जा रही थी। मैंने अपने छोटे बेटे नरेश की पत्नी से कहा कि शिवलाल को बुलाओ ताकि वह मां को लेकर वापस आ जाए। छोटी बहू शिवलाल के घर पहुंचकर चिल्लाई तो लोगों को इस घटना के बारे में पता चला। तीनों बच्चों के पूरे शरीर पर कट लगे हुए थे। पास ही सेविंग ब्लेड मिली। खून बाहर नहीं निकले, इसलिए दरवाजे के नीचे कपड़े बिछा रखे थे। शिवलाल के पिता दीनाराम के दोनों पैरों में पैरालिसिस है। वह चार साल से इससे पीड़ित हैं। छोटा भाई नरेश माता-पिता के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि घटना सुबह 4-5 बजे के बीच हुई है, क्योंकि सुबह एक बच्चा और जतनो देवी बाथरूम जाकर आई थी। रात को ये लोग बाहर ही सोए थे। बाहर चारपाई पर बिस्तर लगे हुए थे।


NICE™ INSURANCE LANDMARK

विशेष सूचना !
एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री'में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।

★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड

41 साल का भरोसा

300 से अधिक एवार्ड विजेता

गणपत डागलिया, Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया, M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A

9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com


अयोध्या में हड़कंप

# राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार की रात राम जन्मभूमि ट्रस्ट के मेल पर धमकी भरा मेल आया था। जिसमें कहा गया है कि 'मंदिर की सुरक्षा बढ़ा लो'। मेल पहुंचने के बाद व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। राम जन्मभूमि ट्रस्ट कार्यालय के अकाउंट ऑफिसर महेश कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है। सूत्रों के अनुसार तमिलनाडु के एक व्यक्ति ने मेल पर राम मंदिर ट्रस्ट को मंदिर पर हमले की चेतावनी दी है।



# दवा आपूर्ति में बिहार नंबर 1

### हर मरीज को मुफ्त दवा की गारंटी

**पटना।** बिहार की स्वास्थ्य सेवाएं 2005 के पहले बदहाल थीं। अस्पताल परिसर में जानवरों के बंधे होने या अस्पताल के बेड पर कुत्तों के सोने की तस्वीरें वायरल होती थीं, परंतु अब यहां की तस्वीर बदल गई है। सूबे की स्वास्थ्य सेवाओं ने पिछले दो दशकों में नई इबारत गढ़ी है। साल 2005 के बाद से राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली में बड़े स्तर पर सुधार हुए हैं। उनमें सबसे अहम है निःशुल्क दवा नीति। इस नीति से बिहार आज देश में सबसे अधिक 611 प्रकार की औषधियां मरीजों को मुफ्त उपलब्ध कराने वाला राज्य बन चुका है। इसमें कैंसर, हार्ट और वायरल बुखार से लेकर अन्य कई बड़ी बीमारियों की दवाइयां शामिल हैं। बीते पांच वर्षों में राज्य सरकार ने मुफ्त दवा नीति के तहत दवा आपूर्ति और वितरण पर 10 गुणा तक खर्च बढ़ाया है।



दलाल स्ट्रीट पर बिखरीं खुशियां

# निवेशकों ने कमाए 10 लाख करोड़

**मुंबई।** टैरिफ को लेकर अमेरिका के नरम रवैये के बाद से बाजार में रिकवरी जारी है। मंगलवार को निवेशकों ने एक दिन में करीब 10 लाख करोड़ रुपए कमाए। बीएसई सेंसेक्स कारोबार के आखिर में 1577.63 अंक की उछाल के बाद 76,734.89 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 50 भी 500 अंक उछलने के बाद 23,328.55 पर बंद हुआ। बैंक निफ्टी भी धमाकेदार 1377.15 अंक की तेजी के साथ आखिर में 52,379.50 के लेवल पर बंद हुआ।



न्यूज BRIEF

## कर्नाटक में छह आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे में एक महिला पर मस्जिद के बाहर हुए हमले का वीडियो वायरल हो रहा है। 38 वर्षीय महिला शबीना बानू पर छह लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया। पुलिस ने मोहम्मद नियाज (32), मोहम्मद गौसपीर (45), चांद बाशा (35), दस्तगीर (24), रसूल टी आर (42) और इनायत उल्लाह (51) को गिरफ्तार किया है।

## सिद्धारमैया पर चलेगा मुकदमा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की एक स्पेशल कोर्ट ने लोकायुक्त पुलिस को 'मूडा' साइट आवंटन मामले में जांच जारी रखने का आदेश दिया है। इस मामले में कथित तौर पर सीएम सिद्धारमैया शामिल हैं। कोर्ट ने कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा की याचिका पर आदेश टाल दिया, जिसमें 'मूडा' मामले में लोकायुक्त पुलिस की ओर से दायर बी-रिपोर्ट पर सवाल उठाया गया है।

## मुख्तार की फरार पत्नी पर इनाम

**गाजीपुर।** यूपी के गाजीपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है। गाजीपुर ने मरहूम माफिया मुख्तार अंसारी की फरार पत्नी अफसा अंसारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। अफसा अंसारी पर मऊ पुलिस पहले ही 50 हजार का इनाम घोषित कर चुकी है, ऐसे में अफसा अंसारी के खिलाफ पुलिस द्वारा कुल एक लाख रुपए का इनाम घोषित है।

# हमारी प्राथमिकता-सुरक्षित बॉर्डर : बीएसएफ

**कोलकाता।** बीते कुछ समय से राज्य में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की ओर से बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ पर आरोप लगाए जा रहे हैं। ऐसे में बीएसएफ ने सीएम ममता बनर्जी को जवाब दिया है और बांग्लादेश से जुड़ी सीमा पर अब तक हुए एक्शन के बारे में भी जानकारी दी है। बीएसएफ ने कहा है कि हमारी प्राथमिकता बॉर्डर को गार्ड करने की है और हम लगातार लोगों को घुसपैठ से रोकते हैं।



### बांग्लादेशी घुसपैठ पर ममता बनर्जी को जवाब

इसके अलावा जो गैर कानूनी तरीके से बांग्लादेश जाना चाहते हैं, उनको भी हम रोककर पुलिस को गिरफ्तार करने के लिए दिशा-निर्देश देते हैं। सिर्फ यही नहीं अगर कुछ तस्करी भी हो रही है तो उसको भी हम रोकते हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि बीएसएफ बांग्लादेशियों को प्रवेश की अनुमति देती है। वहीं तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने आरोप लगाया था कि मुर्शिदाबाद हिंसा के पीछे दो या तीन राजनीतिक दलों के हिस्से और बीएसएफ के एक हिस्से के शामिल होने के इनपुट मिले हैं।

वक्फ अधिनियम में संशोधन

## मुस्लिम समुदाय को टार्गेट करके नहीं किया : रिजिजू

**कोच्चि।** वक्फ (संशोधन) कानून पर केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू का मंगलवार को बड़ा बयान सामने आया है। रिजिजू ने कहा, 'वक्फ अधिनियम में संशोधन मुस्लिम समुदाय को टार्गेट करके नहीं किया गया है, बल्कि इसका उद्देश्य पिछली गलतियों को सुधारना है।' कोच्चि में मीडिया से बात करते हुए रिजिजू ने कहा, 'केंद्र सरकार का इरादा यह सुनिश्चित करना है कि भारत में किसी के लिए जबरन और एकतरफा किसी की जमीन छीनने का कोई प्रावधान न हो। वक्फ कानून में संशोधन इसलिए किया गया क्योंकि इसके कुछ प्रावधानों ने वक्फ बोर्डों को अभूतपूर्व शक्ति और अधिकार दिए हैं।

## फिर से खुला 'सऊदी हज पोर्टल'

- **नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सऊदी सरकार ने 10,000 भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए हज पोर्टल फिर से खोल दिया है। भारत के 10 हजार तीर्थयात्री हज जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि सऊदी अरब ने संयुक्त हज समूह ऑपरेटरों (सीएचजीओ) के लिए हज (नूसुक) पोर्टल फिर से खोलने पर सहमति व्यक्त की है।

**दस हजार यात्री करा सकते रजिस्ट्रेशन**

तहव्वुर राणा का खुलासा

## मुंबई ही नहीं, दिल्ली भी थी 'निशाने' पर



**मुंबई।** मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से एनआईए लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ में तहव्वुर राणा ने कई खुलासे किए हैं, जिसमें उसने बताया है कि मुंबई के बाद दिल्ली में भी आतंक मचाने की तैयारी थी। उसने बताया कि इस्लामिक कट्टरपंथी संगठन मरकज-उद-दावत-वल-इरशाद (एमडीआई) के नाम पर कनाडा में युवाओं को कट्टरपंथी बनाया और स्थानीय लोगों को उपदेश भी दिया। एमडीआई लश्कर के आतंकी हमलों/बुनियादी ढांचे/वित्त पोषण का समर्थन और पूरक करने के लिए इस्लामिक शैक्षणिक और धर्मार्थ गतिविधियों में भी शामिल रहा है। मरकज-उद-दावत-वल-इरशाद का नाम बदलकर जमात-उद-दावा कर दिया गया है।

बाल तस्करी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# 'आप बेटा चाहते हैं तो ऐसा नहीं कर सकते'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए राज्यों को पालन करने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए। जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने सख्त निर्देश देते हुए निचली अदालतों को बाल तस्करी के मामलों की सुनवाई 6 महीने में पूरी करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि देश भर के उच्च न्यायालयों को बाल तस्करी के मामलों में लंबित मुकदमों की स्थिति जानने का निर्देश दिया जाता है। इसके बाद छह महीने में मुकदमे को पूरा करने और दिन-प्रतिदिन सुनवाई करने का निर्देश दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी एक मामले की सुनवाई करते हुए सामने आई, जिसमें तस्करी करके लाए गए एक बच्चे को उत्तर प्रदेश के एक कपल को सौंप दिया गया था, जो बेटा चाहते थे। आरोपियों की जमानत रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मामले से निपटने के तरीके को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आरोपी को बेटे की चाहत थी और उसने चार लाख रुपए में बेटा खरीद लिया।

आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले की घटना

# पिता ने बेटी का काटा सिर

**चित्तूर।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में एक मुस्लिम पिता ने अपनी बेटी का सिर काट दिया। वह दलित युवक से अपनी बेटी द्वारा प्रेम विवाह करने से नाराज था। युवती की हत्या करने वाले पिता और भाई फरार हैं। चित्तूर के बालाजीनगर कॉलोनी के शौकत अली और मुमताज की एक बेटी थी, जिसका नाम यास्मीन भानु था। उसने एमबीए किया हुआ था। यास्मीन को पुथलपट्टू मंडल के कोदंडा राम और बुज्जी के बेटे साईं तेजा से कॉलेज के समय में प्यार हो गया। साईं ने बीटेक की पढ़ाई की थी। जब साईं तेजा के परिवार ने इस शादी का प्रस्ताव रखा तो यास्मीन के माता-पिता इससे सहमत नहीं हुए। साईं तेजा अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं। हालांकि दोनों ने 9 फरवरी 2025 को नेल्लोर में शादी कर ली और 13 फरवरी को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए तिरुपति डीएसपी से मदद मांगी। पुलिस ने दोनों परिवारों को बुलाया और काउंसलिंग देकर भेज दिया और उन्हें यह चेतावनी देकर भेज दिया गया कि नवविवाहित को हानि ना पहुंचाई जाए, क्योंकि वे बालिग थे। अगले दो महीनों तक यास्मीन सैथेला का जीवन सुचारू रूप से चलता रहा।



- दलति युवक से 'लव मैरजि'
- हत्यारा पिता और भाई फरार

# म्हाडा ने दी 10 आवेदकों को राहत

- बांद्रा में दसवां लोकशाही दिन आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र गृहनिर्माण व क्षेत्रविकास प्राधिकरण (म्हाडा) की ओर से मंगलवार को बांद्रा (पूर्व) स्थित गृहनिर्माण भवन में दसवां लोकशाही दिन आयोजित किया गया। म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयस्वाल (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस लोकशाही दिन में नागरिकों के 10 आवेदनों पर सुनवाई की गई। बांद्रा (पूर्व) स्थित म्हाडा मुख्यालय में आयोजित इस लोकशाही दिन में आवेदकों की शिकायतों पर त्वरित, जनहितकारी निर्णय लेकर उन्हें राहत प्रदान की गई। इस माध्यम से आवेदकों को लोकशाही व्यवस्था के सक्षम और संवेदनशील प्रशासन का अनुभव मिला। मोहम्मद खान, कोंकण मंडल की लॉटरी में 20 प्रतिशत सर्वसमावेशी योजना के अंतर्गत ठाणे स्थित संकेत क्रमांक 368 की एक यूनिट के लिए सफल आवेदक घोषित हुए थे। लेकिन विकासक द्वारा यूनिट की बिक्री कीमत जमा करने में विलंब के कारण उस पर वसूले गए ब्याज को माफ करने के लिए उन्होंने आज के लोकशाही दिन में आवेदन किया। इस आवेदन पर सुनवाई करते हुए जयस्वाल ने विकासक से चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदक खान का रु. 1 लाख 70 हजार का ब्याज माफ किया जाए। गिल्बर्ट जेवियर ने अंधेरी (पूर्व) पीएमजीपी कॉलोनी स्थित अपने भाई के नाम पर रही यूनिट को भाई द्वारा गिफ्ट डीड के माध्यम से अपने नाम कराया था। लेकिन स्टांप शुल्क भरने के बावजूद यूनिट का हस्तांतरण नहीं हुआ था, जिसे पूर्ण करने हेतु उन्होंने आवेदन किया। इस पर सुनवाई करते हुए जयस्वाल ने विशेष मामले के रूप में यह यूनिट तत्काल गिल्बर्ट जेवियर के नाम निर्धारित शुल्क लेकर हस्तांतरित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। फारूक




शेख ने अंधेरी जुहू लेन स्थित नवभारत सहकारी संस्था की झोपड़पट्टी पुनर्वसन योजना में फर्जी शपथपत्र और दस्तावेजों के आधार पर शासन से ठगी और धोखाधड़ी के विषय में आवेदन दिया था। इस पर सुनवाई के दौरान जयस्वाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मामले में एक माह के भीतर सुनवाई कर 30 अप्रैल से पहले आदेश पारित किया जाए। मिल मजदूर विठ्ठलदास खेडेकर को दस्तावेजों की त्रुटि के चलते कामगार विभाग के अधिकारियों द्वारा पात्रता से अपात्र घोषित कर दिया गया था। खेडेकर ने बाद में अधिकृत और अपील अधिकारी द्वारा मांगे गए दस्तावेज प्राप्त कर लिए, लेकिन उन्हें ऑनलाइन अपलोड करने की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने दस्तावेज जमा कर पात्रता तय करने का अवसर देने हेतु आवेदन किया। इस पर जयस्वाल ने निर्देश दिए कि कामगार उपायुक्त द्वारा 15 दिन के भीतर पात्रता निर्धारण के संबंध में पत्र दिया जाए। पुणे मंडल द्वारा वर्ष 2020 में निकाली गई प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवंटित एक यूनिट के सफल आवेदक आनंद खिलारे ने, यूनिट की 100 प्रतिशत बिक्री राशि जमा करने के बावजूद म्हाडा पुणे मंडल द्वारा अतिरिक्त राशि वसूली जाने की शिकायत की। इस पर जयस्वाल ने निर्देश दिए कि शासन को देय टैक्स के अलावा शेष अतिरिक्त राशि कम की जाए। आज के लोकशाही दिन में म्हाडा मुंबई मंडल और कोंकण मंडल से संबंधित 4-4 आवेदनों पर सुनवाई की गई। साथ ही मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मंडल और पुणे मंडल से संबंधित 1-1 आवेदन पर भी सुनवाई की गई।

# भाजपा का 'घर-घर संविधान' अभियान शुरू

- 10 लाख घरों में पहुंचाई जाएगी संविधान की प्रस्तावना

**नागपुर।** देशभर में सोमवार को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही है। महाराष्ट्र सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत आज नागपुर में घर-घर संविधान नामक उपक्रम शुरू किया है। महाराष्ट्र के मंत्री और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इस अवसर पर कहा कि एक महीने में नागपुर में लगभग 10 लाख घरों में संविधान की प्रस्तावना पहुंचा दी जाएगी। पूरे महाराष्ट्र में 2 साल के अंदर सभी घरों में संविधान की प्रस्तावना लोगों के घरों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस उपक्रम की शुरुआत आज नागपुर के दीक्षाभूमि से की गई है।

## दीक्षा-भूमि में आंबेडकर के हजारों अनुयायी पहुंचे

बासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर नागपुर के दीक्षा भूमि में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। ये सभी लोग उनके अस्थि कलश के दर्शन के लिए पहुंचे। दीक्षाभूमि वही स्थान है, जहां पर बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी। तब से 14 अप्रैल के दिन हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपनी आदरांजली अर्पित करते हैं।




▶▶ नागपुर से बावनकुले ने किया आरंभ

## घर-घर पहुंचाई जाएगी संविधान की प्रस्तावना

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सभी प्रभारी मंत्रियों का कहा है कि 14 अप्रैल के दिन बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती है। इस दिन हर घर में संविधान में प्रस्तावना पहुंचाई जाए। महाराष्ट्र का पहला जिला नागपुर है, जहां से इसकी शुरूआत की गई है। धीरे-धीरे महाराष्ट्र के सभी जिलों में सभी के घर तक संविधान की प्रस्तावना पहुंचाई जाएगी। नागपुर में एक महीने के अंदर लगभग 10 लाख घरों में संविधान की प्रस्तावना पहुंचाई जाएगी। सभी घरों में 2 साल के अंदर संविधान के प्रस्तावना पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# पश्चिम रेलवे : श्रद्धापूर्वक मनाई अंबेडकर जयंती

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे पर चर्चगेट, मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय में भारत रत्न डा. बी. आर. अंबेडकर की 134वीं जयंती से मनाई गई। इस स्मृति समारोह का आयोजन पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में किया गया जिन्होंने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, मान्यताप्राप्त ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि, एससी/एसटी और ओबीसी एसोसिएशन के सदस्य तथा रेल कर्मचारी उपस्थित थे। पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों और इकाइयों ने भी इस दिवस को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया।



श्रद्धांजलि देने के लिए महाप्रबंधक मिश्र ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और मेमोरियल कैन्डल जलाई। अपने संबोधन में मिश्र ने भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संविधान निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। उन्होंने वंचित समुदायों के उत्थान में डा. आंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका और भारतीय समाज और राष्ट्र निर्माण की उन्नति में उनकी स्थायी विरासत पर भी प्रकाश डाला।


**ठाणे महानगरपालिका, ठाणे**

पाणी पुरवठा विभाग

निविदा सुचना

ठाणे महानगरपालिके तर्फे ठामपा क्षेत्रातील उदयान विभागामार्फत विकसित करण्यात आलेल्या उदयानांना पाणी पुरवठा करणेसाठी नविन कुपनलिका खोदणे या कामाबाबत ऑनलाईन निविदा मागविण्यात येत आहेत. कोरे निविदा प्रपत्र महानगरपालिकेच्या अधिकृत संकेतस्थळ http://mahatenders.gov.in येथे दि.१६.०४.२०२५ ते दि.२३.०४.२०२५ पर्यंत उपलब्ध आहेत. ऑनलाईन निविदा महापालिकेचे संकेतस्थळ येथे दि.२३.०४.२०२५ रोजी सायंकाळी ४.०० वाजेपर्यंत स्विकारण्यात येतील. व सदरची निविदा दि.२३.०४.२०२५ रोजी सायंकाळी ५.०० वाजता उघडण्यात येतील. निविदा सुचना व निविदा प्रपत्र ठाणे महानगरपालिकेचे अधिकृत संकेतस्थळ येथे उपलब्ध आहे. निविदा प्रपत्राची माहिती कार्यकारी अभियंता यांच्या कार्यालयात उपलब्धआहे.

ठामपा/पिआरओ/पिडब्ल्यूडी-मु/६०/२०२५-२६ सही/-
दि:१५.०४.२०२५ उपनगर अभियंता
ठाणे महानगरपालिका, ठाणे

**plsvisitourofficialweb-site**
**www.thanecity.gov.in**



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 03/2025 दिनांक 11.04.2025**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल सामग्री प्रबंधक उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदो के लिए ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा संख्या :** 19255528 | **मात्रा :** 1275 नग | **ई.म.डी.रू :** 1,28,370/- |

**विवरण :** एरोसोल फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम कार्ट्रिज 10 ग्राम, 100 ग्राम कुल एक पीस की आपूर्ति और स्थापना आरडीएसओ स्पेक, आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0192-2018 (संशोधन 1) के अनुलग्नक-जी 1 में निर्दिष्ट तकनीकी आवश्यकता के अनुसार

**निविदा खुलने की तिथि :** 19.05.2025

**नोट :** 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए। • उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट **https://www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **641/25 (AS)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR


## मनपा अतिक्रमण विभाग ने ऐरोली में की निष्कासन कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस दिए जाने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा नोटिस पर कोई ध्यान न दिए जाने के कारण, अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध नवी मुंबई मनपा विभाग द्वारा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने ऐरोली क्षेत्र में निष्कासन की कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत जी विभाग, ऐरोली क्षेत्र स्थित एफ-216, सेक्टर-03, ऐरोली में अनिल पोपट पाटील द्वारा बिना किसी अनुमति के नवी मुंबई मनपा की स्वीकृति के बिना अनधिकृत निर्माण किया गया था। इस अनधिकृत निर्माण पर महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन एवं नगररचना अधिनियम 1966 की धारा 54 के अंतर्गत नोटिस जारी की गई थी। संबंधितों को यह अनधिकृत निर्माण स्वयं हटाना आवश्यक था। लेकिन उन्होंने निर्माण कार्य स्वयं नहीं हटाया, जिसके कारण दिनांक 11 अप्रैल को अतिक्रमण अभियान चलाकर उक्त निर्माण आंशिक रूप से निष्कासित किया गया।


**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद डिवीजन**

**डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और कमीशनिंग कार्य**

**निविदा आमंत्रण सूचना सं - DRM-SnT-ADI-Sig 18 वर्ष 2024-25** भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से कार्यरत डीआरएम/एस एंड टी, निविदा संख्या DRM-SnT-ADI-Sig 18 वर्ष 2024-25 के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, अंतिम तिथि 09.05.2025, 15:00 बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल अंतिम तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे, इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **(1) कार्य का नाम :** डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और कमीशनिंग के संबंध में (1) चांदलोडिया में मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का प्रतिस्थापन और (2) अहमदाबाद डिवीजन के खोडियार और अम्बली रोड सेक्शन के बीच ट्रेनों की प्राथमिकता और क्रॉसिंग को सक्षम करने के लिए लाइन नंबर 05 के निकट लूप लाइन (सीएसआर 720 एम) के प्रावधान के लिए चांदलोडिया बी केबिन में परिवर्तन / संशोधन। **(2) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹8,24,48,083.89/- (रुपये आठ करोड़ चौबीस लाख अड़तालीस हजार त्याशी रुपये और नवासी पैसे मात्र) **(3) बयाना जमा राशि :** ₹5,62,300/- (पांच लाख बासठ हजार तीन सौ रूपये मात्र) **(4) समापन की तिथि और समय :** 09.05.2025 को 15:00 बजे के बाद नहीं **(5) निविदा खोलने की तिथि और समय :** दिनांक 09.05.2025 को 15:30 बजे खुलेगा। **(6) ई-टेंडरिंग की वेबसाइट :** www.ireps.gov.in 006

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# सलमान को धमकाने वाला मानसिक रोगी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** एक्टर सलमान खान को धमकी देने वाले शख्स को गुजरात के वडोदरा जिले के एक गांव में पकड़ा गया और वह मानसिक रूप से अस्थिर पाया गया है। पुलिस ने ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस ने सोमवार को 26 वर्षीय मयंक पांड्या को पकड़ लिया और उसे नोटिस जारी कर कहा कि जब भी जरूरत हो, वह उनके सामने पेश हो। पुलिस ने बताया कि वडोदरा के वाघोडिया तालुका के एक गांव का निवासी आरोपी अभी गिरफ्तार नहीं हुआ है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की वॉट्सऐप हेल्पलाइन पर रविवार को एक मैसेज आया, जिसमें भेजने वाले ने सलमान खान की कार को बम से उड़ाने और घर में घुसकर उन पर हमला करने की धमकी दी थी। मुंबई में वर्ली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया और बांद्रा इलाके में खान के घर के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी। जांच के बाद मुंबई पुलिस को पता चला कि धमकी भरा संदेश वडोदरा के वाघोडिया तालुका में रहने वाले एक व्यक्ति ने भेजा था। जिला पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने संवाददाताओं को बताया, मुंबई पुलिस की एक टीम वाघोडिया पुलिस के साथ सोमवार को वाघोडिया के एक गांव में संदिग्ध के घर पहुंची। पता चला कि संदेश भेजने वाला 26 साल का व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर है और उसका इलाज चल रहा है।



# अपराधी ने काटे 28 केक और पहुंचा जेल

▶▶ आईपीसी की धारा लिखकर काटा था केक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में एक अपराधी ने अपने जन्मदिन पर 28 केक काटे थे, जिनमें 12 बार केक पर आईपीसी की धाराएं लिखी थी। साथ ही एक केक पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ था। इन केक्स पर वह धाराएं लिखी थी, जिन्हें अपराधी ने अंजाम दिया था। जन्मदिन की फोटो देखते ही देखते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई है। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुंबई के एक कुख्यात अपराधी जिया अंसारी के जन्मदिन की फोटो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।



उसने अपना जन्म अजीब तरीके से मनाया था। उसने अब तक जो अपराध किए उसकी आईपीसी धाराएं केक पर लिखी हुई थी। इसी के साथ केक पर गैंगस्टर का नाम और भांडुप भी लिखा हुआ था, जहां का वह रहने वाला है। जिया ने जन्मदिन के बहाने अपने अपराध का महिमामंडन किया हुआ था। जन्मदिन के फोटो और वीडियो कुछ ही घंटों में देखते ही देखते तेजी से वायरल हो गए। कहा जा रहा है कि इलाके में आतंक फैलाने के लिए जिया ने इस केक पर आईपीसी की धारा लिखकर उसे काटा था। साथ ही उसने सीधे तौर पर पुलिस को भी चुनौती देने की को शिश की तीथ थी। पुलिस की कहना है कि वह इस तरह आरोपियों को बिल्कुल भी नहीं बख्शेगी।

## आंबेडकर का स्मारक देखने पहुंचे सैकड़ों नागरिक

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा द्वारा सेक्टर 15, ऐरोली में स्थापित भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का स्मारक, जो 'ज्ञान ही शक्ति' इस संदेश को मूर्त रूप देता है, आज एक बार फिर जनसागर से भर गया। बाबासाहेब की जयंती के अवसर पर सुबह से ही नागरिकों ने इस 'ज्ञानस्मारक' में उपस्थित होकर महामानव को विनम्र अभिवादन किया। भीषण गर्मी के बावजूद शाम 6 बजे तक 9400 से अधिक नागरिकों ने स्मारक स्थल की भेंट की। शाम 4 बजे के बाद परिवार सहित, छोटे बच्चों के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों के आने का सिलसिला बढ़ता गया। नवी मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली झांकियों और रैलियों ने भी स्मारक पर पहुंचकर अभिवादन किया और फिर आगे बढ़ीं।



# मुंबई टैंकर एसोसिएशन की हड़ताल खत्म

▶▶ बीएमसी-मुंबई टैंकर एसो. से चर्चा के बाद लिया फैसला

मुंबई। पिछले पांच दिनों से चल रही मुंबई टैंकर एसोसिएशन की हड़ताल आखिरकार सोमवार (14 अप्रैल) को खत्म हो गई। बीएमसी और मुंबई टैंकर एसोसिएशन से चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। मुंबई में कई निर्माण स्थल, कार्यालय, मॉल और अन्य स्थान हड़ताल से प्रभावित हुए और कई काम रुक गए। मुंबई नगर निगम आयुक्त भूषण गगरानी ने टैंकर चालकों के प्रतिनिधिमंडल की एक तत्काल बैठक बुलाई थी। टैंकर चालकों की उग्र हड़ताल और मुंबई नगर निगम द्वारा लागू किए गए आपदा प्रबंधन अधिनियम के मुद्दे को अंततः एक बैठक में सुलझा लिया गया और टैंकर एसोसिएशन ने हड़ताल वापस ले ली। हड़ताल से मुंबई के कई इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित हुई थी। सरकार के हस्तक्षेप के बाद अंततः टैंकर चालकों की हड़ताल समाप्त कर दी गई। आदित्य ठाकरे ने कहा कि टैंकर चालकों के बयान के बावजूद सरकार ने जानबूझकर हड़ताल की अनदेखी की। सरकार की सोई हुई भूमिका के कारण मुंबईकरों को परेशानी हुई। गर्मियों में महावीर जयंती, हनुमान जयंती और डा. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती जैसे समारोहों के दौरान मुंबईकरों की चुप्पी के लिए सरकार को जवाब देना चाहिए या नहीं? हड़ताल को देखते हुए शिवसेना (यूबीटी) ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। टैंकर चालकों की हड़ताल तब समाप्त हुई, जब सरकार को एहसास हुआ कि शिवसेना का रुख महंगा पड़ सकता है। हड़ताल को लेकर बीएमसी आयुक्त ने कहा, ''मैं राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, दोनों उपमुख्यमंत्रियों को धन्यवाद देता हूं।




**ठाणे महानगरपालिका, ठाणे**

सार्वजनिक बांधकाम विभाग

निविदा सुचना

ठाणे महानगरपालिका, ठाणे अनुभवी निविदाकारांकडुन "साहित्यरत्न लोकशाहिर अण्णाभाऊ साठे नागरी वस्ती सुधार योजना" या लेखाशिर्षका अंतर्गत "लोकमान्य सावरकरनगर प्रभाग समिती अंतर्गत प्रभाग क्रमांक १५ ब मध्ये स्मशानभुमी विकास कामे करणे, उद्यानामध्ये विविध स्थापत्य कामे करणे तसेच गटार व पायवाट करणेच्या एकुण पाच कामांसाठी ई-टेंडरींग पध्दतीने निविदा मागवित आहे. ज्या कंत्राटदारांविरुध्द शासकिय/ निमशासकिय/ सार्वजनिक क्षेत्रातील संस्था व उपक्रम/स्थानिक स्वराज्य संस्था इ.यांनी शिस्त भंगाचे कार्यवाहिच्या अनुषंगाने नोंदणी पत्र रद्द करण्याची कार्यवाही केली/सुरु आहे. अशा कंत्राटदारांना निविदा प्रक्रियेत भाग घेता येणार नाही.कामाची सविस्तर निविदा सुचना व प्रपत्र ठाणे महानगरपालिकेचे अधिकृत ई-निविदा संकेतस्थळ https:// mahatenders.gov.in/ येथे दि.१६/०४/ २०२५ ते दि. २३/०४/२०२५ रोजी १६.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध असतील. सदर निविदा ई-टेंडरींग पध्दतीने दि.२३/०४/२०२५ रोजी १६.०० पर्यंत स्विकारण्यात येतील व शक्य झाल्यास दि.२५/०४/२०२५ रोजी १६.०० वा उपस्थित निविदाकार अथवा त्यांचे प्रतिनिधी समक्ष उघडण्यात येतील.

ठामपा/पिआरओ/पिडब्ल्यूडी-लो.सा प्र.स/७६/२०२५-२६ सही/-
दि:१५.०४.२०२५ कार्यकारी अभियंता
ठाणे महानगरपालिका, ठाणे

**Pls visit our oficial web-site**
**www.thanecity.gov.in**



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.0320252026** **दिनांक : 11.04.2025**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यो के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक **05.05.2025** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| **क्रसं-01** | **नि. सं.-** 14 | **जेम बिड सं.-** GEM/2025/B/6134805 दिनांक 11.04.2025 |
|---|---|---|
| **अनुमानित मूल्य (रू.)** | **अग्रिम धनराशि मूल्य (रू.)** | **कार्य समापन की अवधि** |
| 4264944.00 | 85299.00 | 24 माह |

**कार्यो का विवरणः** सहायक मण्डल इंजीनियर / फिरोजाबाद के अन्तर्गत वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता/रेल पथ / फिरोजाबाद एवं शिकोहाबाद के लिए 2 साल के लिए 09 एम.टी. की लोडिंग क्षमता का 02 ट्रक किराए पर लेने का कार्य।

**निविदा खुलने की तिथिः** 05.05.2025, **पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्यः** निल, **नोट :** 1. आनलाइन निविदा खुलने की तिथि तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर उपलब्ध है। **646/25 (D)**

North central railways | @ CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**पनवेल महानगरपालिका**

**ता. पनवेल, जि. रायगड 410 206**

ई-मेल : panvelcorporation@gmail.com दूरध्वनी क्र. : 022-27458040/41/42

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**जा.क्र. पमपा/पापुवि/9925/प्र.क्र.01/409/25** **दि. 15.04.2025**

**निविदा सुचना**

| अ. क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम |
|---|---|---|---|
| 1) | PMC/WS/67/ 2024-25 | पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील तक्का येथील सेक्टर नं. 19, 20, 21 भागाकरिता 6.50 दललि क्षमतेचे मलशुध्दीकरण केंद्र बांधणे. (दुसरी बोली) | रु. 20,88,44,669/- |

वरील ई-निविदा बाबतची माहिती शासनाच्या 'http://mahatenders.gov.in' या संकेत स्थळावर दि. 16/04/2025 रोजी प्रसिद्ध करण्यात येईल. संबंधित निविदादारांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
(कैलाश गावडे)
उपायुक्त (अमृत)
पनवेल महानगरपालिका


# नवी मुंबई मनपा में आयोजित 'जागर' व्याख्यानमाला

▶▶ आंबेडकर स्मारक, ऐरोली में कार्यक्रम का समापन

▶▶ दो अप्रैल से लगातार चल रहा था व्याख्यानमाला

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा के भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक, ऐरोली में आयोजित 'जागर' व्याख्यानमाला का समापन दो अप्रैल से शुरू हुए इस कार्यक्रम की अंतिम कड़ी के रूप में हुआ। बाबासाहेब की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस व्याख्यान श्रृंखला की समाप्ति विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चार युवा प्रतिनिधियों के संवाद से हुई। 'भिमा तुझ्या जन्मामुळे' शीर्षक के अंतर्गत हुए इस युवा संवाद को श्रोताओं की शानदार सराहना प्राप्त हुई। इस अवसर पर मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने कहा कि बाबासाहेब का बहुआयामी कार्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे और उससे प्रेरणा मिले, इस दृष्टि से 'जागर' व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया था, जिसे नागरिकों ने भरपूर प्रतिसाद देकर सफल बनाया। उन्होंने बताया कि यह संविधान का अमृत महोत्सवी वर्ष है और 'हर घर संविधान' के अंतर्गत अनेक उपक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें मुंबई विश्वविद्यालय का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'वाचाल तर वाचाल' इस उक्ति को ध्यान में रखते हुए यहां के समृद्ध ग्रंथालय का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक की उप आयुक्त संघरत्ना खिल्लारे, भंडार विभाग के उप आयुक्त शंकर खाडे तथा लेट्स रीड फाउंडेशन के प्रमुख एवं लेखक प्रफुल्ल वानखेडे उपस्थित थे। 'भिमा तुझ्या जन्मामुळे' कार्यक्रम के अंतर्गत हुए युवा संवाद में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता और लेखक एडवोकेट निखिल अडसुले ने बाबासाहेब से सीखे जाने वाले तीन गुणों — प्रज्ञा, शील और करुणा — की त्रिसूत्री पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बाबासाहेब के जीवन से विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से इन गुणों के महत्व को श्रोताओं के समक्ष रखा। हॉवर्ड, शिकागो, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स सहित विदेशों में दिए गए अपने व्याख्यानों के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बाबासाहेब की वैश्विक महानता को रेखांकित किया। युवा उद्यमी एवं पर्वतारोही आनंद बनसोडे ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बचपन से ही बाबासाहेब की तस्वीर को देखकर वैसा बनने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कठिन परिस्थितियों से लड़ते हुए अपने जीवन की यात्रा को विस्तार से बताया — बाल्यकाल में रेत के ढेर पर खेलने से लेकर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने तक का उनका सफर श्रोताओं को प्रेरित कर गया।



ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने का उद्देश्य

# पंजीकृत चिकित्सकों की भागीदारी जरूरी : सीएम

▸▸ चिकित्सकों को दिए जाएं क्रेडिट पॉइंट्स



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** ग्रामीण महाराष्ट्र में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पंजीकृत चिकित्सकों से स्वेच्छा से भागीदारी करने का आह्वान किया है। उन्होंने महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल को निर्देश दिए हैं कि सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) प्रणाली के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में दी गई सेवाओं के लिए चिकित्सकों को क्रेडिट पॉइंट्स दिए जाएं, जिससे उनका मेडिकल लाइसेंस नवीनीकरण किया जा सके। आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण ग्रामीण नागरिकों को उचित इलाज नहीं मिल पाता है।

### मेडिकल काउंसिल ने किए अहम सुधार

यदि पंजीकृत चिकित्सक गांवों में स्वेच्छा से सेवा दें, तो बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं वहां तक पहुंच सकती हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार, महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल ने सीएमई प्रणाली में कुछ अहम सुधार किए हैं। वर्तमान में काउंसिल के तहत लगभग दो लाख चिकित्सक कार्यरत हैं। हर पांच साल में इनका मेडिकल लाइसेंस नवीनीकरण किया जाता है, जिसके लिए क्रेडिट पॉइंट्स की आवश्यकता होती है।

### पहले सेमिनारों में ही मिलते थे प्वाइंट्स

पहले ये पॉइंट्स शैक्षणिक सेमिनारों में भाग लेकर ही मिलते थे, लेकिन अब ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं जैसे निःशुल्क चिकित्सा शिविर, शल्य चिकित्सा और अन्य समाजसेवी स्वास्थ्य गतिविधियों में भाग लेने से भी ये पॉइंट्स मिलेंगे। इससे युवा चिकित्सकों को ग्रामीण स्वास्थ्य समस्याएं समझने का अवसर मिलेगा, वहीं शहरी चिकित्सक वैज्ञानिक रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य स्थिति का अध्ययन कर सकेंगे। पहले से कई डॉक्टर ऐसी सेवा कर रहे हैं, अब इसे सीएमई प्रणाली में औपचारिक मान्यता दी जाएगी।

### मुख्य सुधार

गांवों में आयोजित चिकित्सा या सर्जिकल शिविरों में 3 घंटे सेवा पर 1 पॉइंट और 6 घंटे सेवा पर 2 पॉइंट दिए जाएंगे। इन पॉइंट्स से मेडिकल लाइसेंस नवीनीकरण में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री सहायता निधि, धर्मादाय अस्पताल, और सरकारी मेडिकल कॉलेजों सहित लगभग 4,500 अस्पताल इस योजना में शामिल हैं। 9,500 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन अब तक हो चुका है, जो मुख्यमंत्री सहायता कक्ष, धर्मादाय आयुक्त व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों में करीब 50% पंजीकृत डाक्टर भाग लेते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ इलाज संभव होता है।

# बीएमसी चुनाव से पहले बदल सकता मुंबई बीजेपी अध्यक्ष !

▸▸ प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड और अमित साटम के नामों की चर्चा जोरों पर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में बीजेपी के अध्यक्ष पद पर नया चेहरा देने की कवायद तेज हो गई है। अभी फिलहाल आशीष शेलार मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष हैं। महायुति की सरकार में शेलार मंत्री बन गए हैं, इसलिए अब बीजेपी अध्यक्ष बदलने की तैयारी शुरू हो गई है। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी नेता प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड और अमित साटम के नामों पर चर्चा हो रही है। हालांकि, माना जा रहा है कि बीजेपी विधायकों ने प्रवीण दरेकर के नाम को प्राथमिकता दी है। विधानसभा चुनाव में महायुति की सफलता के बाद महायुति नेताओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। इसलिए, सभी दलों के नेता आगामी मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए कमर कस रहे हैं। मिशन नगर निगम को ध्यान में रखते हुए मुंबई में सभी बीजेपी विधायकों और वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक हुई। समझा जाता है कि इस बैठक में प्रवीण दरेकर को प्राथमिकता में लिया गया है।

बीजेपी 2017 में सफलता के बावजूद नगर निगम में सत्ता बनाने में विफल रही। ऐसे में बीजेपी किसी भी कीमत पर मुंबई नगर निगम चुनाव जीतने और महापौर बनाने की कसम खाई है। इसी पृष्ठभूमि में, बीजेपी नेतृत्व ने शेलार की जगह एक नए चेहरे की तलाश शुरू कर दी है। प्रवीण दरेकर को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का विश्वसनीय सहयोगी माना जाता है। विधान परिषद में विपक्ष के नेता रहते हुए दरेकर का नाम उनके आक्रामक रुख और मुंबई के बारे में अच्छी जानकारी रखने वाले चेहरे के रूप में जाना जाता है। कुछ बीजेपी नेताओं का कहना है कि मंत्रिमंडल में शामिल न किए जाने के बाद प्रवीण दरेकर मुंबई बीजेपी अध्यक्ष बन सकते हैं। दूसरी ओर विधायक अमित साटम के नाम पर भी चर्चा हो रही है। साटम पूर्व पार्षद हैं और लगातार तीन बार विधानसभा के लिए चुने जा चुके हैं। उन्हें मुंबई और विशेषकर नगर निगम के वार्डों का अच्छा ज्ञान है।

बीजेपी के एक धड़े का मानना है कि नगर निगम में उनका अनुभव पार्टी के लिए चुनाव में उपयोगी होगा। प्रवीण दरेकर मुख्यमंत्री फडणवीस की पसंद हैं, जबकि मंत्री शेलार को साटम का नाम पसंद है। इसलिए राजनीतिक हलकों में इस बात को लेकर उत्सुकता है कि आखिर बीजेपी के मुंबई अध्यक्ष का ताज किसे पहनाया जाएगा।

# ठाणे में ट्रांसफार्मर के केबिन में फंसा हिरण

■ मेडिकल जांच के बाद जंगल में छोड़ा

दिनेश चन्द्र रावल/जागरूक टाइम्स

**ठाणे।** ठाणे के घोड़बंदर रोड स्थित राष्ट्रीय उद्यान से सटे इलाकों में तेंदुए जैसे जंगली जानवर मानव बस्तियों में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में सोमवार को घोड़बंदर रोड पर एम.बी.सी. ठाणे (पश्चिम) के घोड़बंदर रोड, कासरवडावली स्थित पार्क साईनगर में एक ट्रांसफार्मर केबिन में एक हिरण फंस गया। घटना की जानकारी मिलते ही आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मचारी, वन विभाग के कर्मचारी और वन्यजीव कल्याण संघ के कर्मचारी घटनास्थल पर मौजूद थे। ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि फंसे हुए हिरण को वन विभाग और वन्यजीव कल्याण संघ के कर्मचारियों ने पकड़ लिया और वन विभाग द्वारा मेडिकल जांच के बाद हिरण को राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों में छोड़ दिया गया।



# बीड में बीजेपी के पदाधिकारी की हत्या

▸▸ आरोपी का थाने में सरेंडर



**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले के माजलगांव शहर में मंगलवार को बीजेपी के पदाधिकारी की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिससे पूरा शहर दहल उठा। खून से लथपथ युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। धारदार हथियार से किए गए हमले के चलते किट्टीआडगांव के बीजेपी लोकसभा विस्तारक बाबासाहेब प्रभाकर आगे (35) की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में आरोपी नारायण शंकर फपाल ने थाने में पहुंचकर सरेंडर कर दिया। माजलगांव शहर के श्री स्वामी समर्थ केंद्र परिसर में दोपहर के समय बायपास रोड पर बाबासाहेब प्रभाकर आगे का नारायण शंकर फपाल नामक व्यक्ति हाथ में कोयता लेकर पीछा कर रहा था। प्रभाकर ने जान बचाने के लिए माजलगांव बस स्टैंड के पास स्थित शाहूनगर की ओर भागा, लेकिन स्वामी समर्थ केंद्र के पास वाली सड़क पर नारायण फपाल ने उसे पकड़ लिया और थोड़ी ही देर में कोयते से ताबड़तोड़ वार किए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फपाल ने पहले पेट पर वार किया और फिर दो वार सिर पर किए। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। लोगों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पंचनामा कर पुलिस ने बाबासाहेब आगे को गंभीर अवस्था में ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# नकली दांतों की प्लेट भोजन नली में फंसी

▸▸ सर्जरी कर वृद्ध महिला को डाक्टरों ने दिया जीवनदान

■ मीरा रोड स्थित वॉकहार्ट हॉस्पिटल की कुलश डाक्टरों को मिली सफलता

राकेश विश्वकर्मा/ जागरूक टाइम्स



**भायंदर।** मीरा रोड स्थित वॉकहार्ट हॉस्पिटल की कुशल चिकित्सीय टीम ने 74 वर्षीय मरीज के गले में फंसे नकली दांत की प्लेट को सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर महिला को जीवनदान दिया। डाक्टरों के अनुसार वृद्ध महिला के खाने की नली में फंसी नकली दांतों की प्लेट (डेंचर) को सफल सर्जरी के जरिए बाहर निकाला गया जिसके चलते मरीज अब स्वस्थ है। मरीज को पिछले कई दिनों से निगलते समय तकलीफ और गले में असहजता महसूस कर रही थीं। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) एंडोस्कोपी जांच में पता चला कि डेंचर उनकी अन्ननली के ऊपरी हिस्से के नीचे फंसी हुई है। शुरुआत में एंडोस्कोपिक उपकरणों जैसे रैट-टूथ फोर्सेप्स की मदद से डेंचर निकालने की कोशिश की गई, लेकिन वह गहराई में फंसी होने के कारण सर्जरी अनिवार्य हो गई।डॉ. चंद्रवीर सिंह (ईएनटी व ओटोरिनोलैरिंगोलॉजिस्ट सर्जन), डॉ. तीरथराम कौशिक (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट) और डॉ. शीतल राडिया (ईएनटी व हेड एंड नेक कैंसर सर्जन) के नेतृत्व में एक बहु-विशेषज्ञ टीम ने जनरल एनेस्थीसिया के तहत गले में चीरा लगाकर सर्जरी की और डेंचर को सफलतापूर्वक बाहर निकाला। अन्ननली को 3-0 पीडीएस स्यूचर की मदद से ठीक से सिल दिया गया। रक्तस्राव नियंत्रित किया गया, ड्रेनेज ट्यूब लगाई गई और टांकों से घाव को बंद किया गया।सर्जरी के बाद मरीज की हालत स्थिर है और उन्हें संक्रमण या निगलने में परेशानी जैसी संभावित जटिलताओं के लिए निगरानी में रखा गया है। भारत में बुजुर्गों में इस तरह की घटनाएं गंभीर साबित हो सकती हैं। समय पर इलाज न मिलने पर अन्ननली में छेद, संक्रमण या जानलेवा जटिलताएं हो सकती हैं।

# स्टंट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**ठाणे।** सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई, जिसमें ठाणे के मानपाड़ा इलाके में कोठारी कंपाउंड में कुछ युवा एक एसयूवी सड़क पर स्टंट करती दिखाई दे रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला अदालत में भेज दिया। 12 अप्रैल को रात करीब 11 बजे ठाणे के मानपाड़ा इलाके में कोठारी कंपाउंड के पास सड़क पर एसयूवी एमएच 04 एमएन 0333 पर स्टंट करते हुए एक व्यक्ति खतरनाक स्थिति में लटका हुआ था। सोशल मीडिया पर यह स्टंट पोस्ट किए जाने के बाद यह पोस्ट वायरल हो गई और ड्यूटी पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस ने इस स्टंट को गंभीरता से लिया। पुलिस कांस्टेबल बागुल ने कार नंबर प्लेट पर कारवाई करते हुए यातायात विभाग के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में स्टंटमैन को गिरफ्तार किया और आईपीसी की धारा 184 के तहत कार्रवाई की गई। उन्हें मंगलवार,15 अप्रैल को अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया। ट्रैफिक पुलिस बागुल ने बताया कि स्टंटबाजी मामले में जुर्माने की राशि अदालत तय करेगी।




# शंकरसेठ की परंपरा अब भी ज़िंदा हैं

सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल टर्मिनस का नाम बदलकर जगन्नाथ शंकरसेठ टर्मिनस रखने की मांग सिर्फ एक बदलाव की नहीं, बल्कि एक युग की पुनर्स्थापना की मांग हैं। शंकरसेठ सिर्फ मुंबई के नहीं, बल्कि भारत के पहले सामाजिक पुनर्जागरण के अग्रदूतों में से एक थे। उन्होंने रेलवे लाने से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक जीवन में जिस दूरदृष्टि का परिचय दिया, वो आज भी मार्गदर्शक हैं। हमारे देश को सिर्फ अतीत की पूजा नहीं करनी, बल्कि उस अतीत से प्रेरणा लेकर वर्तमान को गढ़ना हैं। आज जब समाज विविध संकटों से जूझ रहा हैं– मूल्यहीनता, स्वार्थ और आत्मकेंद्रित विकास–तब शंकरसेठ जैसे महापुरुषों की जीवनशैली, सोच और कर्तव्यनिष्ठा से रोशनी ली जा सकती हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से कुछ लोग आज भी इस सोच को जीवित रखे हुए हैं –आइए, जानते हैं उनके विचार :



मुंबई सेंट्रल टर्मिनस का नाम बदलकर जगन्नाथ शंकरसेठ टर्मिनस रखने की मांग




भारत के पहले सामाजिक पुनर्जागरण के अग्रदूतों में से एक थे शंकरसेठ



■ "जगन्नाथ शंकरसेठ ने व्यापार को समाजसेवा का माध्यम बनाया। आज की पीढ़ी को चाहिए कि लाभ के साथ लोकहित को भी प्राथमिकता दे। हमने भी अपने हर प्रोजेक्ट में यही आदर्श रखा है।"
**-मोहनलाल माली**



■ "समाज के लिए सोचना ही सच्चा राष्ट्रवाद हैं। शंकरसेठ ने जो रास्ता दिखाया, उस पर चलकर हम अपने गांवों और शहरों को एक नई दिशा दे सकते हैं।"
**-चंदुलाल रावल (समाजसेवी):**



■ "पारंपरिक मूल्यों और आधुनिकता का संगम शंकरसेठ की कार्यशैली में दिखता था। आज के व्यापारी, अगर थोड़ी सोच बदल लें, तो व्यापार भी समाज परिवर्तन का माध्यम बन सकता है।"
**-अर्जुन सिंह नारणावस**




■ "शंकरसेठ जैसे दानवीरों ने समाज को जोड़ा, मंदिर बनवाए, पर साथ ही अस्पताल और स्कूल भी। यही संतुलन आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है।"
**-रमेश वाटेरा**



■ "गौ सेवा में भी हमें सामाजिक सुधार की प्रेरणा मिलती है। शंकरसेठ ने केवल पूजन नहीं, संरचना की बात की, उसी राह पर हम भी चलने का प्रयास कर रहे हैं।"
**-मफाराम प्रजापति**



■ "संवेदनशीलता और दूरदृष्टि-यही दो गुण हर समाज सुधारक में होते हैं। शंकरसेठ ने इसे अपने जीवन में उतारा, हमें भी अपने समय के संकटों के प्रति सतर्क रहना होगा।"
**-ललित जोधावास**



■ "राजनीति सिर्फ सत्ता की नहीं, सेवा की भी हो सकती है – ये बात शंकरसेठ ने बहुत पहले साबित कर दी थी। अब हमें उसी परंपरा को गांव-गांव पहुँचाना है।"
**-कनकराज घोड़ा**



■ "नई पीढ़ी को अपने इतिहास से जोड़ना होगा। शंकरसेठ हमारे पहले रोल मॉडल थे – जिन्होंने बिना पद के भी समाज को बदल दिया। हमें उनका इंस्टाग्राम नहीं, इंस्पिरेशन देखना है।"
**-श्रीमती अनु राजपुरोहित**



■ "शंकरसेठ जैसे लोग हमें सिखाते हैं कि बिना शोर मचाए भी बदलाव लाया जा सकता है। आज हर नागरिक अगर थोड़ी जिम्मेदारी ले, तो पूरा देश बदल सकता है।"
**-उत्तम पुरोहित, कालेटी**



■ "व्यापारी वर्ग सिर्फ टैक्स भरने वाला नहीं, समाज गढ़ने वाला होता है। शंकरसेठ इस बात का जिंदा उदाहरण हैं।"
**-फूलचंद तातडा**



■ "हमें फिर से उस मूल भाव की ओर लौटना होगा, जहाँ सेवा, दान और समाज के लिए काम करना जीवन का उद्देश्य होता था – जैसे शंकरसेठ ने किया।"
**-प्रभुराम प्रजापति**

नाम बदलने से ज्यादा जरूरी हैं, उस नाम के पीछे की विचारधारा को जीवंत रखना। अगर शंकरसेठ के नाम पर स्टेशन बने, तो वह केवल एक प्लेटफ़ॉर्म नहीं, बल्कि चेतना का केंद्र बने।



उनका नाम हो – तो काम भी हो।
उनकी मूर्ति लगे – तो नीति भी उनके जैसी हो।
उनकी विरासत जगे – तो राष्ट्र फिर से उठ खड़ा हो।

"इतिहास सिर उठाता हैं, जब वर्तमान उसकी पुकार सुनता है।"
शंकरसेठ की पुकार अब फिर गूंज रही हैं– क्या हम सुनने को तैयार हैं?

# पारेषण कंपनी में मनाई डा. आंबेडकर की जयंती

▸▸ जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

▸▸ आशुतोष चौधरी ने किया कार्यक्रम का संचालन

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में महापारेषण के निदेशक (प्रोजेक्ट) अविनाश निंबालकर ने भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा को नमन किया।

इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) सुगत गमरे, मुख्य अभियंता जुईली वाघ, सुनील सूर्यवंशी, भूषण बल्लाल, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मंगेश शिंदे, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) नितीन कांबले, अभय रोही, उपमुख्य दक्षता अधिकारी किशोर पाटील, प्रशांत गोरडे, राजशिष्टाचार अधिकारी सतिश जाधव सहित वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मान्यवरों ने भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के मूल विचारों को साझा किया।

महापारेषण के निदेशक (प्रोजेक्ट) अविनाश निंबालकर, निदेशक (मानव संसाधन) सुगत गमरे, मुख्य अभियंता (स्थापत्य) भूषण बल्लाल ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के कार्य और विचारों की जानकारी दी। इसके साथ ही महाराष्ट्र के महापारेषण के विभिन्न कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कुछ अधिकारियों ने भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की पुस्तकों का वाचन किया, तो कुछ कर्मचारियों ने भीम गीतों का गायन कर एक अनोखे तरीके से जयंती मनाकर भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अभिवादन किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सहायक अभियंता आशुतोष चौधरी ने किया।



महापारेषण कंपनी में भारतरत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को अभिवादन करते निदेशक (प्रोजेक्ट) अविनाश निंबालकर। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) सुगत गमरे, मुख्य अभियंता जुईली वाघ, सुनील सूर्यवंशी, भूषण बल्लाल उपस्थित रहे।




**मुंबई।** सायन-कोलीवाड़ा भाजपा विधायक तमिल सेल्वम के नेतृत्व में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जयंती के पावन अवसर पर पूरे दिन भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी परिहार, सुरेश राजपुरोहित, कानाराम पांडे , दिनेश परिहार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'एवीजीसी-एक्स आर' नीति में मराठी फिल्म निर्माण को किया जाए शामिल : उदय सामंत

**मुंबई।** उद्योग विभाग द्वारा एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी अर्थात एवीजीसी – एक्स आर नीति लाई जा रही है। इसमें एनीमेशन और गेमिंग के लिए नवीनतम सॉफ्टवेयर निर्माण, वेब सीरीज़ आदि का समावेश होगा। चूंकि मुंबई में बॉलीवुड है, इसलिए फिल्म निर्माण बड़े पैमाने पर होता है। साथ ही, राज्य में मराठी फिल्मों का निर्माण भी होता है। इस नीति में मराठी फिल्म निर्माण को एक स्वतंत्र श्रेणी बनाकर शामिल किया जाए, ऐसी सलाह उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दी। इस प्रस्तावित नीति को लेकर मंत्रालय में एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में उद्योग विभाग के सचिव पी. अनबलगन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उद्योग मंत्री सामंत ने कहा कि यह नीति सर्वसमावेशी होनी चाहिए। इसके माध्यम से इस क्षेत्र से जुड़े घटकों को सुविधाएं व रियायतें देने के लिए दूरदृष्टि अपनाई जानी चाहिए।

# स्क्रैप रिक्शा खाक

**ठाणे।** ठाणे के अंबिकानगर वागले एस्टेट इलाके में रविवार आधी रात के करीब जमा कचरे में आग लग गई। यह घटना उस समय घटी जब पास में खड़े एक कबाड़ रिक्शा में आग लग गई। ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा रविवार मध्य रात्रि के आसपास प्राप्त सूचना के आधार पर, ठाणे (पश्चिम) के वागले एस्टेट, अंबिकानगर, हिंदुस्तान होटल के पास कचरे के ढेर में उमेश कदम के स्वामित्व वाले बजाज ऑटो रिक्शा में आग लग गई। आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मचारी और अग्निशमन कर्मी एक दमकल गाड़ी और एक बचाव वाहन के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। नगर निगम सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल पर कोई घायल नहीं हुआ।

**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# 20 आईटीआई में बनेंगी अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं

**▸▸ मुख्यमंत्री एवं दोनों उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार राज्य के 20 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करेगी। इस पहल का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा को आधुनिक बनाना, रोजगार के अवसर बढ़ाना और दिव्यांग छात्रों को सशक्त बनाना है। कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में तीन प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के साथ समझोता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढा, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एमओयू समारोह मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आयोजित किया गया।

### दिव्यांगों को समावेशी कौशल कार्यक्रम

ये एमओयू श्री श्री ग्रामीण विकास ट्रस्ट (बेंगलुरु), श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया फाउंडेशन (बेंगलुरु), देआसरा फाउंडेशन (पुणे) और प्रोजेक्ट मुंबई (अंधेरी) के साथ किए गए। इन समझौतों के माध्यम से युवाओं को आधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण मिलेगा, सूक्ष्म व लघु उद्यमियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा और दिव्यांग छात्रों के लिए समावेशी कौशल कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

### मुख्य विशेषताएं

- **त्रिपक्षीय समझौताः** श्री श्री ट्रस्ट, श्नाइडर इलेक्ट्रिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण संचालनालय के बीच समझौता, जिसके तहत युवाओं को आधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- **प्रयोगशाला उन्नयनः** अगले तीन वर्षों में 20 आईटीआई की विद्युत कार्यशालाएं उन्नत की जाएंगी और सोलर तकनीशियन व इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन लैब स्थापित होंगी।
- **निःशुल्क प्रशिक्षणः** राज्य के विद्युत शिल्प प्रशिक्षुओं को बेंगलुरु में 15 दिवसीय आधुनिक तकनीकी और सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण मिलेगा।
- **प्रशिक्षण लक्ष्यः** अगले चार वर्षों में 9,750 युवाओं को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें मुंबई, पुणे, नागपुर, नासिक, अमरावती आदि क्षेत्र शामिल होंगे।
- **उद्यमिता विकासः** महाराष्ट्र इनोवेशन सोसायटी और देआसरा फाउंडेशन के बीच समझौते के तहत 5,000 सूक्ष्म और लघु उद्यमियों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिलेगा।
- **दिव्यांगजनों के लिए विशेष कार्यक्रमः** प्रोजेक्ट मुंबई संस्था के सहयोग से दिव्यांग छात्रों के लिए सांकेतिक भाषा में पाठ्यक्रम, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था होगी।

**राजस्थान सरकार के प्राइवेट स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी**

# निजी स्कूल पांच साल तक नहीं कर सकेंगे यूनिफॉर्म में बदलाव

## अभिभावक किसी भी दुकान से खरीद सकेंगे किताबें

**जयपुर।** प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्राइवेट स्कूलों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। अब निजी विद्यालय 5 साल तक अपनी स्कूल यूनिफॉर्म नहीं बदल सकेंगे। साथ ही स्कूल प्रबंधन अब अभिभावक और विद्यार्थी पर किसी खास दुकान से यूनिफॉर्म, किताबें या अन्य शिक्षण सामग्री खरीदने का दबाव नहीं बना सकेंगे। दिलावर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों की नियमित निगरानी के लिए टीमों का गठन करेंगे। यदि किसी स्कूल द्वारा नियमों की अनदेखी की जाती है या शिकायत मिलती है, तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोई भी अभिभावक सीधे उनसे या शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर सकता है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों और अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े।



**▸▸ नई गाइडलाइंस के मुख्य बिंदु**

- यूनिफॉर्म को पांच वर्षों तक नहीं बदला जाएगा।
- किताबों और यूनिफॉर्म की जानकारी स्कूल के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर सत्र शुरू होने से एक माह पहले उपलब्ध करानी होगी।
- किसी विशेष दुकान या विक्रेता से क़िताब और ड्रेस खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाएगा।
- यूनिफॉर्म और किताबें कम से कम तीन दुकानों पर उपलब्ध होनी चाहिए।
- शिक्षण सामग्री पर स्कूल का नाम अंकित नहीं किया जाएगा।

### शिक्षा विभाग सख्त

- हाल ही में अभिभावकों की ओर से शिक्षा मंत्री को कई शिकायतें मिली थीं, जिनमें बताया गया कि कुछ स्कूल महंगी यूनिफॉर्म और किताबें बेचने के लिए दबाव बना रहे हैं, जबकि बाजार में वही सामग्री सस्ते दर पर उपलब्ध है। मामले पर संज्ञान लेते हुए शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि अब प्राइवेट स्कूलों को शिक्षा विभाग की गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करना होगा।

# शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार



**जयपुर।** जालूपुरा थाना पुलिस ने एक मोबाइल स्नैचर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से छीने हुए 10 मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि जालूपुरा थाना और सीएसटी ने मिलकर कार्रवाई की, जिसमें शातिर स्नैचर आरोपित हुसैन मुस्ताक उर्फ दायीवाला 28 करीम नगर सायना विहार पुलिस थाना खौ नागोरियान जयपुर हाल मोटी ताई का घर नूरानी मस्जिद के आगे खौ नागोरियान को गिरफ्तार किया गया। आरोपित के कब्जे से स्नैचिंग के 10 मोबाइल बरामद किया गए हैं। डीसीपी कांवरिया ने कहा कि आरोपित बसों के अंदर सवारियों के चढ़ते समय शर्ट की जेब में रखे मोबाईल को मौका पाकर छीनकर भाग जाता था। आरोपित स्मैक के नशें का आदि है, जो नशा खरीदने के लिए मोबाइलों को बेचने की फिराक में था। सीएसटी टीम ने आरोपित को दस्तयाब कर जालुपुरा थाना पुलिस को सौंप दिया है।

**मौसम विभाग ने दी खुशखबरी**

# इस साल मानसून रहेगा मेहरबान



- 105 प्रतिशत बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भविष्यवाणी की है कि इस साल मॉनसून के सीजन में देशभर में सामान्य से ज्यादा यानी जोरदार बारिश होगी। मौसम विभाग की यह भविष्यवाणी कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18% का योगदान देता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने मंगलवार को कहा कि इस साल दीर्घकालिक मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, मॉनसूनी बारिश औसत से 105% तक ज्यादा हो सकती है।

**▸▸ सामान्य से अधिक बरसेंगे मेह**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "भारत में चार महीने के मॉनसून मौसम (जून से सितंबर) में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, और कुल संचयी दीर्घावधि वर्षा औसत से 105 फीसदी ज्यादा यानी 87 सेमी तक रहने का अनुमान है।"

**▸▸ अल नीनो की संभावनाएं नहीं**

भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम मॉनसूनी वर्षा से जुड़ी अल नीनो जैसी स्थिति के इस बार विकसित होने की संभावना नहीं है। बता दें कि देश में मॉनसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरल में दस्तक देता है। उसके बाद वह आगे बढ़ते हुए पूरे देश में छा जाता है। फिर सितंबर के मध्य में मॉनसून की वापसी शुरू हो जाती है।

# जिला प्रमुख पुरोहित ने किया 152.60 करोड़ के प्रस्तावों का अनुमोदन

**▸▸ जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक**



**सिरोही।** जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना- फेज चतुर्थ के तहत 205.60 किलोमीटर सड़क के लिए 152.60 करोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। यह वे सड़क है जिसमें 250 से अधिक आबादी के हेबीटेशन जो सड़क मार्ग से वंचित हैं। उनको जोड़ने के लिए डीआरआरपी केंडिडेट रोड एवं सीयूसीपीएल की ब्लॉक सूची शामिल है।

**ब्लॉक वार किया अनुमोदन**

साधारण सभा की बैठक आबूरोड ब्लॉक में 55 हेबीटेशन 140.80 किलोमीटर सड़क के लिए 105.60 करोड़, पिंडवाड़ा में 10 हेबीटेशन की 32.80 किलोमीटर के लिए 24.60 करोड़, रेवदर में 9 हेबीटेशन की 32 किलोमीटर के लिए 22.40 करोड़ के प्रस्ताव अनुमोदित कर भिजवाएं है। इस प्रकार सिरोही जिले में 74 हेबीटेशन की 205.60 किलोमीटर के लिए 152.60 करोड़ के प्रस्ताव अनुमोदित किए।

**ये रहे उपस्थित**

- बैठक में जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, सीईओ प्रकाशचंद्र अग्रवाल, रेवदर विधायक मोतीराम कोली, शिवगंज प्रधान ललिता कंवर, जिला परिषद सदस्य दलीपसिंह, रामलाल, मगन कोली, अर्जुनराम, कन्हैयालाल, रीना, जोशना माली, रतन कंवर, किरण कुमार, सानिवि के एसई रमेशचंद बराडा एवं इंजीनियर दामोदर देवासी आदि उपस्थित थे।

**मुंबई-नागपुर हाईवे पर बड़ा हादसा**

# बस और ईंट भरे मेटाडोर की टक्कर, चार की मौत



**लगभग दो दर्जन घायल**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक दर्दनाक घटना घटी है, यहां मुंबई-नागपुर हाईवे पर एक बस और ईंट से भरी मेटोडोर के बीच भीषण टक्कर हो गई है। टक्कर इतनी भयानक थी कि बस और मेटोडोर के परखच्चे उड़ गए। साथ ही उसमें सवार 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि 10-15 लोग घायल बताए जा रहे हैं। नांदुरा तहसील के आमसरी गांव के पास मुंबई से नागपुर जाने वाले हाईवे नंबर-53 पर एक भीषण सड़क दुर्घटना घटी है। यहां ईंट से भरी मेटाडोर और मध्यप्रदेश परिवहन की एसटी बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में मेटाडोर में सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार एक व्यक्ति की भी जान चली गई। इसके अलावा एसटी बस के 10 से 15 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**लोगों चल रहा इलाज**

आनन-फानन में आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। उनकी मदद से घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि कुछ को आगे के इलाज के लिए खामगांव अस्पताल में रेफर किया गया है। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है। हादसे के कारण मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हुआ।

## अलवर मिनी सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी जिला कलेक्टर को मिला ईमेल

**अलवर।** राजस्थान में जयपुर के बाद अब अलवर मिनी सचिवालय को बम से उड़ने की धमकी मिली। सुबह तड़के करीब 3:45 बजे जिला कलेक्टर की मेल आईडी पर यह मेल मिला। इसमें दोपहर 3.30 बजे तक मिनी सचिवालय को बम से उड़ने की धमकी दी गई थी। मेल की सूचना मिलते ही प्रशासन अलर्ट हो गया। सुबह के समय मिनी सचिवालय को खाली करवाया गया। डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता मामले की जांच पड़ताल की गई लेकिन कुछ नहीं मिला। अलवर एडीएम सिटी बीना मावर ने बताया कि इस मेल को लेकर पांच थानों की पुलिस जांच कर रही है। बम स्क्वायड टीम के क्लीयरेंस के बाद कर्मचारियों को अंदर प्रवेश दिया गया। जिला कलेक्टर के अलावा आईटी टीम में अन्य जगह भी मेल प्राप्त हुआ। इससे पहले भी अलवर स्टेशन सहित प्रमुख भावनाओं को बम से उड़ने की धमकी मिल चुकी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मेल किस सर्वर से भेजा गया, भेजने वाल कौन है और भेजने के पीछे क्या उद्देश्य था, इन सब सवालों के जवाब पुलिस टीम तलाश रही है।

# इस मानसून ईसरदा बांध में होगा जल संग्रहण



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में अंतिम छोर तक सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। शर्मा के निर्देशन के सवाई माधोपुर और दौसा जिले में पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण ईसरदा बांध का निर्माण कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। बांध के निर्माण का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। बांध के पियर्स एवं गेटों का कार्य पूरा हो चुका है। मिट्टी के बांध का आंशिक कार्य ही शेष है। जल संसाधन विभाग द्वारा जुलाई माह तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इससे आगामी मानसून के दौरान बांध में जल संग्रहित किया जा सकेगा। इसके बाद दौसा के 1079 ग्राम व 5 शहरों तथा सवाई माधोपुर के बौंली शहर तथा 177 ग्रामों व एक शहर में पेयजल की सुचारू आपूर्ति हो सकेगी। यह परियोजना जलसंकट समाधान के साथ-साथ बीसलपुर बांध के अधिशेष पानी और बनास नदी के बारिश के जल का कुशल प्रबंधन भी सुनिश्चित करेगी। साथ ही, ईसरदा बांध से राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना) के तहत रामगढ़ बांध, बुचारा, छितोली इत्यादि बांधों में पेयजल के लिए आपूर्ति हो सकेगी। इससे बांधों के आसपास के क्षेत्र एवं जयपुर जिले को भी पानी मिल सकेगा।

ईसरदा बांध बीसलपुर बांध के डाउनस्ट्रीम में ग्राम बनेठा (तहसील उनियारा जिला टोंक) के पास बनास नदी पर बनाया जा रहा है। इसका निर्माण दो चरणों में किया जाना निर्धारित है। प्रथम चरण में डैम का निर्माण पूर्ण भराव स्तर आरएल 262.0 मी (भराव क्षमता 10.77 टीएमसी) तक पूर्ण किया जाएगा।

**▸▸ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बांध निर्माण प्रगतिरत**

**▸▸ बांध का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण**

**▸▸ 1256 गांवों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल**

# आईपीएल सट्टेबाजी में पांच आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ जिले में पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जंक्शन सिटी पुलिस और फेफाना थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी अरशद अली द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इन दोनों कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। दोनों ही कार्रवाई में डीएसटी टीम का विशेष सहयोग रहा।

# पूरे गांव को घोषित किया वक्फ की जमीन




**▸▸ ग्रामीणों को मिला नोटिस**

**▸▸ गांव वालों के उड़े होश**

**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के तिरुचेंदुरई गांव के बाद अब वेल्लोर जिले के एक और गांव में वक्फ बोर्ड के दावे ने लोगों को सदमे में डाल दिया है। वेल्लोर जिले के अनैकट्टु तालुका स्थित कट्टुकोल्लई गांव की जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताते हुए ग्रामीणों को नोटिस भेजा गया है। इस नोटिस में कथित रूप से कहा गया है कि यह जमीन सैयद अली सुल्तान शाह दरगाह की है, जो वक्फ संपत्ति के अंतर्गत आती है। इसमें यह भी उल्लेख है कि गांव वालों को वक्फ बोर्ड के साथ एक समझौता (एग्रीमेंट) करना होगा।

### जिला कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

- कट्टुकोल्लई गांव के करीब 150 परिवारों ने वेल्लोर जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वे चार पीढ़ियों से इस भूमि पर रह रहे हैं और पूरी तरह कृषि पर निर्भर हैं। अब अचानक वक्फ बोर्ड द्वारा उनकी जमीन पर दावा जताए जाने से वे बेहद परेशान हैं।

### ग्रामीणों ने किया वैध दस्तावेज का दावा

- ग्रामीणों का यह भी दावा है कि उनके पास जमीन से संबंधित सभी वैध सरकारी दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अब उन्हें जबरन अपनी जमीन खाली करने को मजबूर किया जा रहा है, जिससे उनकी आजीविका और जीवन दोनों खतरे में पड़ गए हैं।

### हिंदू मुन्ननी का समर्थन

- ग्रामीणों को 'हिंदू मुन्ननी' नामक संगठन का समर्थन भी मिल रहा है। संगठन के नेता महेश ने प्रशासन से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। महेश ने कहा, "ग्रामीण कम से कम चार पीढ़ियों से इस इलाके में रह रहे हैं। उनके पास जमीन से जुड़े सभी सरकारी दस्तावेज़ मौजूद हैं। जिस जमीन को वक्फ संपत्ति बताया जा रहा है, उसका सर्वे नंबर 330/1 है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि गांव के निवासियों को जमीन का 'पट्टा' (स्वामित्व प्रमाण पत्र) जारी किया जाए।

## आईजीआई एयरपोर्ट वर्ल्ड टॉप 10 में शामिल

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 2024 में 77.8 मिलियन यात्रियों के साथ दुनिया का नौवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बना है। एसीआई वर्ल्ड की रैंकिंग में यह 2023 के दसवें स्थान से एक पायदान ऊपर पहुंचा। एयरलाइन विस्तार, बुनियादी ढांचे के विकास और बढ़ी हुई वैश्विक कनेक्टिविटी के दम पर इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 2024 में दुनिया का नौवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड की शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की सूची के अनुसार, दिल्ली एयरपोर्ट ने 2024 में 77,820,834 यात्रियों को संभाला, जो 2023 की तुलना में 7.8% और 2019 की तुलना में 13.6% अधिक है। 2023 में यह हवाई अड्डा दसवें स्थान पर था। सूची में हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (यूएस) 1,08,067,766 यात्रियों के साथ पहले स्थान पर है, जबकि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और डलास फोर्ट वर्थ इंटरनेशनल एयरपोर्ट (87,817,864 यात्री) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

- दुनिया का नौवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा

● भावभीनी श्रद्धांजलि ●



हमारे प्रिय साथी श्री प्रेमाराम जी देवासी (बरलूट-जिला सिरोही) के पुत्र

जतिन (जगदीश) देवासी

के असमय आकस्मिक सड़क दुर्घटना में निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक व स्तब्ध कर देने वाला है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। हम सभी इस कठिन समय व दुख की घड़ी में आपके साथ है।

श्रद्धावनत

नारायण पुरोहित, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, सिरोही | गोविंद पुरोहित, समूह संपादक, जागरूक टाइम्स | अर्जुन पुरोहित, जिला प्रमुख, सिरोही